Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सीईएन - 05/25 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 05/25 - JE, DMS, CMA

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/02/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB JE DMS CMA |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB JE DMS CMA**

**Q.1** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही ढंग से स्पष्ट करता है कि भारत के पूर्वी तटीय मैदान, पश्चिमी तटीय मैदानों की तुलना में अधिक चौड़े और अधिक डेल्टा युक्त क्यों हैं?

**Ans**
✗ 1. पूर्वी मैदानी इलाकों में कम ज्वारीय प्रभाव पड़ता है
✗ 2. पूर्वी मैदानों में अधिक विवर्तनिक उत्थान है
✓ 3. पूर्वी नदियाँ मंद ढालों के कारण बड़े डेल्टा बनाती हैं।
✗ 4. पूर्वी नदियाँ तीव्र ढालों पर बहती हैं।

**Q.2** KJ 3 का संबंध एक निश्चित प्रकार से MF -10 से है। ठीक उसी प्रकार, EH 6 का संबंध GD -7 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से QJ 4 का संबंध किससे है?

**Ans**
✗ 1. SE -7
✗ 2. RE -7
✗ 3. RF -9
✓ 4. SF -9

**Q.3** निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और आगे आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) M L Z Q @ L X + E S E / J L Q Y Q W + X R (दाएँ)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans**
✗ 1. दो
✗ 2. एक
✗ 3. तीन
✓ 4. एक भी नहीं

**Q.4** 2025 में भारत के 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी किस राज्य ने की थी?

**Ans**
✗ 1. गुजरात
✓ 2. उत्तराखंड
✗ 3. महाराष्ट्र
✗ 4. कर्नाटक

**Q.5** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
TLP SKO RJN QIM ?

**Ans**
- ✗ 1. PGK
- ✗ 2. PHK
- ✗ 3. PGL
- ✓ 4. PHL

**Q.6** ज़िंक और कॉपर के बराबर टुकड़ों को तनु सल्फ्यूरिक अम्ल में अलग-अलग डाला जाता है। कौन-सा अवलोकन सही है?

**Ans**
- ✗ 1. कोई भी धातु हाइड्रोजन गैस उत्पन्न नहीं करती है।
- ✓ 2. केवल ज़िंक हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती है।
- ✗ 3. केवल कॉपर हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती है।
- ✗ 4. दोनों धातुएं हाइड्रोजन गैस उत्पन्न करती हैं।

**Q.7** एक घनाकार गिफ्ट बॉक्स के प्रत्येक कोर की लंबाई 12.4 cm है। इसे गिफ्ट पेपर से पूरी तरह से कवर किया जाना है। कवर किया जाने वाला क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 822.75 cm2
- ✗ 2. 1082.50 cm2
- ✗ 3. 1022.45 cm2
- ✓ 4. 922.56 cm2

**Q.8** एक 200 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 6.6 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 15 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) क्या होगी?

**Ans**
- ✓ 1. 41.4
- ✗ 2. 37.2
- ✗ 3. 42.2
- ✗ 4. 46.3

**Q.9** 144 और 9 का मध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 37
- ✗ 2. 39
- ✗ 3. 35
- ✓ 4. 36

**Q.10** जंतु ऊतक, पादप ऊतकों से अलग होते हैं क्योंकि जंतु ऊतक _______ ऊतक होते हैं।

**Ans**
- ✓ 1. अधिकतर जीवित और लचीले
- ✗ 2. कठोर कोशिका भित्ति वाले
- ✗ 3. असीमित वृद्धि दर्शाने वाले
- ✗ 4. विशेष कार्यों के अभाव वाले

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रत्यक्ष करों पर केलकर टास्क फोर्स (2002) की मुख्य सिफारिश नहीं थी?

**Ans**
- ✗ 1. कॉरपोरेट संस्थाओं पर न्यूनतम वैकल्पिक कर का उन्मूलन
- ✓ 2. घरेलू कंपनियों के लिए निगम कर की दर को 40 प्रतिशत तक कम करना
- ✗ 3. पैन कार्ड का विस्तार करके सभी आर्थिक एजेंटों/नागरिकों को सम्मिलित करना।
- ✗ 4. वेतनभोगी करदाताओं के लिए मानक कटौती का उन्मूलन

Q.12 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें।
(बाएँ) Z U % & J L C @ M * N # % Q X Y & $ T E % X (दाएँ)
यदि श्रृंखला से सभी अक्षरों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएँ से छठे स्थान पर होगा?

Ans
✗ 1. &
✗ 2. *
✓ 3. %
✗ 4. #

Q.13 एक कृषक समुदाय खेती योग्य भूमि में सीमित वृद्धि के बावजूद फसल की उपज को अधिकतम करना चाहता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्हें किन पद्धतियों को प्राथमिकता देनी चाहिए?

Ans
✗ 1. केवल पारंपरिक कृषि पद्धतियों के उपयोग का विस्तार करना।
✗ 2. केवल फसल की किस्मों में सुधार और फसल-उत्पादन में सुधार।
✗ 3. आधुनिक तकनीक या उच्च उपज देने वाली किस्मों का उपयोग किए बिना खेती करना।
✓ 4. फसल की किस्मों में सुधार, फसल-उत्पादन में सुधार और फसल सुरक्षा प्रबंधन।

Q.14 यहाँ निम्नलिखित दो कथनों, जिन्हें अभिकथन (A) और तर्क (R) के रूप में अंकित किया गया है, के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन **(A):** प्लास्टिक कचरे को जलाना निपटान का एक सुरक्षित उपाय है।
तर्क **(R):** प्लास्टिक जलाने से जहरीली गैसें निकलती हैं जो मनुष्यों और पर्यावरण के लिए हानिकारक होती हैं।

Ans
✗ 1. अभिकथन सही है, कारण गलत है।
✗ 2. अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या करता है।
✗ 3. अभिकथन और कारण दोनों सही हैं, और कारण, अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता है।
✓ 4. अभिकथन गलत है, कारण सही है।

Q.15 निम्नलिखित रैखिक समीकरणों को हल कीजिए।

$$x + y - 2z = 10, \quad 3x + y - z = 12, \quad x + 2y - z = 5$$

Ans
✗ 1. x = 4, y = −1, z = −3
✗ 2. x = −3, y = 1, z = 4
✓ 3. x = 3, y = −1, z = −4
✗ 4. x = −4, y = 1, z = 3

Q.16 'आई एम?' नामक पुस्तक के लेखक/लेखिका कौन हैं, जिसका विमोचन फरवरी 2025 में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया था?

Ans
✗ 1. सत्या नडेला
✗ 2. रोशनी नादर
✓ 3. गोपीचंद पी. हिंदुजा
✗ 4. ग्रंधी मल्लिकार्जुन राव

Q.17 निम्नलिखित में से किस जीव में वर्ण लवक पाया जाता है?

Ans
✗ 1. हाइड्रा
✗ 2. स्टार मछली
✗ 3. अमीबा
✓ 4. गुलाब

Q.18 एक व्यक्ति जो निकट-दृष्टि दोष और दीर्घ-दृष्टि दोष दोनों से ग्रस्त है, उसके द्वारा किस प्रकार के लेंस का उपयोग किए जाने की सबसे अधिक संभावना है?

Ans
✗ 1. बेलनाकार लेंस
✗ 2. उत्तल लेंस
✓ 3. द्विफोकसी लेंस
✗ 4. अवतल लेंस

**Q.19** भारतीय राजनीतिक व्यवस्था में निम्नलिखित में से किस संस्था/निकाय को "वास्तविक कार्यपालिका" के रूप में वर्णित किया गया है?

**Ans**
✔ 1. भारत के प्रधानमंत्री
✗ 2. भारत का सर्वोच्च न्यायालय
✗ 3. भारत के राष्ट्रपति
✗ 4. मंत्रिपरिषद

**Q.20** यदि समान ब्याज दर पर 2 वर्षों में प्राप्त साधारण ब्याज ₹48 है और चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक रूप से संयोजित) ₹54 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 89
✗ 2. 100
✗ 3. 91
✔ 4. 96

**Q.21** एक छात्र का दावा है कि पृथ्वी द्वारा चंद्रमा पर लगाया गया गुरुत्वाकर्षण बल, चंद्रमा द्वारा पृथ्वी पर लगाए गए बल की तुलना में बहुत अधिक प्रबल है। न्यूटन के गति के तीसरे नियम और सार्वत्रिक गुरुत्वाकर्षण के नियम के आधार पर, क्या यह दावा सही है?

**Ans**
✔ 1. नहीं, दोनों बल परिमाण में बराबर हैं लेकिन दिशा में विपरीत हैं।
✗ 2. हां, क्योंकि पृथ्वी अधिक विशाल है, इसलिए यह अधिक बल लगाती है
✗ 3. नहीं, चंद्रमा एक मजबूत बल लगाता है क्योंकि यह पृथ्वी के करीब है
✗ 4. नहीं, पृथ्वी चंद्रमा पर बहुत कम बल लगाती है।

**Q.22** रुपेश ने एक व्यवसाय शुरू करने के लिए एक बैंक से ₹4,40,000 की राशि उधार ली। 7% वार्षिक की दर से 3 वर्ष पश्चात, वह कितने साधारण ब्याज (₹ में) का भुगतान करेगा?

**Ans**
✔ 1. 92400
✗ 2. 91400
✗ 3. 94400
✗ 4. 93400

**Q.23** निम्नलिखित आँकड़ों का माध्यक ज्ञात कीजिए।

7, 19, 88, 20, 19, 26, 90, 81, 44, 34.

**Ans**
✗ 1. 32
✗ 2. 28
✔ 3. 30
✗ 4. 34

**Q.24** ₹38 प्रति किग्रा मूल्य वाली चीनी को ₹55 प्रति किग्रा मूल्य वाली चीनी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण को ₹57.20 प्रति किग्रा पर बेचने पर 10% का लाभ हो?

**Ans**
✗ 1. 12 : 1
✗ 2. 15 : 1
✗ 3. 12 : 5
✔ 4. 3 : 14

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.25** इस प्रश्न में, नीचे दिए गए कूट और शर्तों के आधार पर संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को अक्षरों में कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का पालन करने वाला सही कूट संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो तालिका में दिए गए संबंधित संख्या/प्रतीक के कूट का सीधे उपयोग करें।

| संख्या/प्रतीक | 7 | $ | 8 | 6 | & | # | 3 | + | 5 | 4 | 2 | 9 | @ | * |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | B | C | R | T | H | U | L | P | A | Q | V | N | J | M |

शर्तें –
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट को आपस में बदला जाना है।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
7 & * 8 4

Ans
1. © H M Q ©
2. B H M R Q
3. © H M R © ✔
4. M H M R ©

**Q.26** विकृतगंधिता को रोकने में कौन-सी विधि सहायक है?

Ans
1. हवाबंद पात्रों में खाद्य पदार्थों का भंडारण ✔
2. भोजन को लगातार गर्म करना
3. अत्यधिक पानी मिलाना
4. भोजन को धूप में रखना

**Q.27** सरल कीजिए : 23 - [3 - {9 - (4 + 5)}]

Ans
1. 24
2. 20 ✔
3. 17
4. 27

**Q.28** ग्रेफाइट में, कार्बन परमाणु ______ के साथ जुड़ा होता है?

Ans
1. दो अन्य कार्बन परमाणु
2. तीन अन्य कार्बन परमाणु ✔
3. एक अन्य कार्बन परमाणु
4. चार अन्य कार्बन परमाणु

**Q.29** अनवर का मासिक वेतन ₹19,000 है। वह ₹4,500 मकान के किराए पर और ₹1,500 अन्य बिलों पर खर्च करता है तथा शेष राशि उसकी मासिक बचत है। यदि वह अपने जन्मदिन वाले महीने में, अपनी पूरी मासिक बचत जन्मदिन मनाने पर खर्च कर देता है, तो एक वर्ष में उसकी कुल बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1,43,000 ✔
2. 1,30,000
3. 1,56,000
4. 1,17,000

**Q.30** 2025 में, किस भारतीय राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खेलों के लिए विकसित किए गए खेल बुनियादी ढांचे (Sports Infrastructure) के दीर्घकालिक उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक 'विरासत नीति' (Legacy Policy) की घोषणा की?

Ans
1. बिहार
2. गुजरात
3. उत्तराखंड ✔
4. महाराष्ट्र

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.31** 90 ग्राम पानी में 10 ग्राम लवण को घोलकर तैयार किए गए विलयन में लवण का द्रव्यमान प्रतिशत कितना है?

**Ans**
- ✗ 1. 100 %
- ✗ 2. 90 %
- ✓ 3. 10 %
- ✗ 4. 1 %

**Q.32** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 88, 225 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 124, 261 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 178 निम्नलिखित में किससे संबंधित है?
(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✓ 1. 315
- ✗ 2. 317
- ✗ 3. 311
- ✗ 4. 313

**Q.33** दो जल आपूर्ति पाइप A और B एक जलाशय को क्रमशः 10 घंटे और 12 घंटे में भर सकते हैं। एक निकासी पाइप D उसी जलाशय को 6 घंटे में पूरी तरह से खाली कर सकता है। यदि इन तीनों पाइप को एक साथ 7:00 A.M पर खोल दिया जाए, तो जलाशय का एक-चौथाई भाग किस समय तक भर जाएगा?

**Ans**
- ✗ 1. 10 A.M.
- ✗ 2. 11 P.M.
- ✗ 3. 11 A.M.
- ✓ 4. 10 P.M.

**Q.34** एक प्रश्न के बाद दो कथन (I) और (II) दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि क्या कथन में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उपयुक्त उत्तर का चयन करें।

5 व्यक्तियों, A, B, C, D और E में प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है। दूसरा सबसे लंबा व्यक्ति कौन है?
I: E, A से छोटा है. B, D से लंबा है लेकिन E से छोटा है।
II: केवल C, A से लंबा है। D, E से छोटा है।

**Ans**
- ✗ 1. केवल कथन I में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिए गए आंकड़े नहीं।
- ✓ 2. केवल कथन II में दिए गए आंकड़े, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिए गए आंकड़े नहीं।
- ✗ 3. कथन I और कथन II दोनों में एक साथ (और केवल कथन I या केवल कथन II पर्याप्त नहीं है) दिए गए आंकड़े प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
- ✗ 4. दोनों कथनों I और II में दिए गए आंकड़े एक साथ, प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

**Q.35** यदि $\frac{x}{x^2 - 4x + 1} = \frac{1}{9}$, तो $x^3 + \frac{1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ 1. 2158
- ✗ 2. 1839
- ✗ 3. 729
- ✗ 4. 1256

**Q.36** एक व्यापारी किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है और 112 वस्तुएँ खरीदने पर 40 वस्तुएँ फ्री देता है तथा पूरे लेन-देन पर 26% का लाभ अर्जित करता है। मान लीजिए कि एक ग्राहक 112 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है, तो वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

**Ans**
- ✗ 1. 98%
- ✗ 2. 82%
- ✗ 3. 95%
- ✓ 4. 90%

| | |
|---|---|
| Q.37 | एक सौर कुकर, बर्तन पर सूर्य के प्रकाश को केंद्रित करने के लिए दर्पण का उपयोग करता है। इसमें किस प्रकार के दर्पण का उपयोग किया जाता है और कौन-सा गुण इसे उपयुक्त बनाता है? |
| Ans | ✘ 1. एक उत्तल दर्पण, क्योंकि यह एक विस्तृत दृष्टि क्षेत्र प्रदान करता है<br>✘ 2. एक समतल दर्पण क्योंकि यह प्रकाश को एक समान रूप से परवर्तित करता है<br>✔ 3. एक अवतल दर्पण, क्योंकि यह सूर्य के समानांतर प्रकाश किरणों को एक बिंदु पर केंद्रित करता है<br>✘ 4. एक उत्तल दर्पण, क्योंकि यह प्रकाश को एक बड़े क्षेत्र में फैलाता है। |

| | |
|---|---|
| Q.38 | कृषि उपज को भंडारण से पहले धूप में और फिर छाया में सुखाना क्यों आवश्यक है? |
| Ans | ✔ 1. नमी की मात्रा को कम करने और कीटों तथा कवक की वृद्धि को रोकने के लिए।<br>✘ 2. अनाज के आकार और चमक को बढ़ाने के लिए।<br>✘ 3. उपज के रंग और स्वाद में सुधार करने के लिए।<br>✘ 4. अनाज को पैकिंग के लिए सुविधाजनक बनाने और खरपतवार की वृद्धि को रोकने के लिए। |

| | |
|---|---|
| Q.39 | यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ x है, x का अर्थ ÷ है, ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>53+28÷72×8-3=? |
| Ans | ✘ 1. 27<br>✔ 2. 52<br>✘ 3. 28<br>✘ 4. 51 |

| | |
|---|---|
| Q.40 | एकसमान वृत्तीय गति के संदर्भ में, दैनिक जीवन का निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण इस अवधारणा को सर्वोत्तम रूप से स्पष्ट करता है? |
| Ans | ✘ 1. पार्क में यादृच्छिक रूप से भ्रमण करता हुआ एक व्यक्ति<br>✘ 2. दोलन करता हुआ सरल लोलक का गोलक<br>✔ 3. एक वृत्तीय कक्षा में निश्चित चाल से पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करता हुआ उपग्रह<br>✘ 4. एक वृत्ताकार पथ पर परिवर्ती चाल से गतिमान कार |

| | |
|---|---|
| Q.41 | 130 km की दूरी तय करने में अमित को विनय से 4 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अमित अपनी चाल दोगुनी कर दे, तो उसे विनय से 9 घंटे कम लगेंगे। अमित की मूल चाल ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✘ 1. 9 km/h<br>✔ 2. 5 km/h<br>✘ 3. 6 km/h<br>✘ 4. 14 km/h |

| | |
|---|---|
| Q.42 | 2019 के अंत और 2020 की शुरुआत में किन प्रमुख वैश्विक घटनाओं ने नीति-निर्माताओं के बीच वैश्वीकरण की रणनीतियों पर पुनर्विचार करने में योगदान दिया? |
| Ans | ✘ 1. तेल की कीमतों में कमी और ग्लोबल वार्मिंग<br>✘ 2. तकनीकी गतिरोध और मुद्रास्फीति<br>✘ 3. शहरीकरण और प्रवासन<br>✔ 4. कोविड-19 महामारी |

| | |
|---|---|
| Q.43 | सात व्यक्ति F, J, M, L, R, V और X एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं।<br>केवल V, F के बाईं ओर बैठा है। V और J के बीच में केवल चार व्यक्ति बैठें हैं। R और L के बीच में केवल X बैठा है और R, J का निकटतम पड़ोसी नहीं है। L के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठें हैं? |
| Ans | ✘ 1. 1<br>✘ 2. 3<br>✘ 3. 2<br>✔ 4. 4 |

Q.44 प्लास्टर ऑफ पेरिस (POP) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
1. POP का रसायनिक सूत्र CaSO4·2H2O है और इसका उपयोग मुख्यतः उर्वरक के रूप में किया जाता है।
2. POP का रसायनिक सूत्र CaSO4·½H₂O है और यह पानी के बिना धीरे-धीरे जम जाता है।
3. POP का रसायनिक सूत्र CaSO4·½H₂O है और यह पानी के साथ अभिक्रिया करके कठोर हो जाता है। ✔
4. POP का रसायनिक सूत्र CaSO4·2H2O है और इसे पानी के साथ मिलाने पर यह शीघ्र जम जाता है।

Q.45 स्त्री (STREE) शिखर सम्मेलन 2025 का समर्थन करने वाले हैदराबाद शहर सुरक्षा परिषद (Hyderabad City Security Council - HCSC) के/की अध्यक्ष/अध्यक्षा कौन हैं?

Ans
1. जोशना चिनप्पा
2. सी. शेखर रेड्डी
3. गीता गोटी
4. सी. वी. आनंद ✔

Q.46 भारतीय सिपाहियों के बीच 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण क्या था?

Ans
1. एनफील्ड राइफलों में चर्बी वाले कारतूसों का उपयोग ✔
2. स्थानीय शासकों का विघटन
3. लखनऊ पर ब्रिटिश सेना का हमला
4. भारी कराधान

Q.47 प्रारंभ में विराम अवस्था में रखी 3 kg द्रव्यमान की किसी वस्तु पर 2 सेकंड के लिए 9 N का एक स्थिर बल लगाया जाता है। वस्तु का अंतिम वेग क्या होगा?

Ans
1. 18 m/s
2. 9 m/s
3. 6 m/s ✔
4. 3 m/s

Q.48 इस प्रश्न में, नीचे दिए गए कूट और उनके बाद की शर्तों के अनुसार संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को अक्षर कूट में कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करते हुए सही कूट संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो तालिका में दिए गए संबंधित संख्या/प्रतीक के कूट का सीधे प्रयोग किया जाता है।

| संख्या/प्रतीक | 2 | @ | 9 | 5 | $ | 3 | & | % | # | 7 | + | 4 | 8 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | P | T | L | J | A | W | E | Q | D | R | S | B | U | F |

शर्तें –

i. यदि प्रथम अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (प्रथम और अंतिम अवयवों) के कूटों को आपस में बदला जाना है।
ii. यदि प्रथम अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को * के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
iii. यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

संख्या-प्रतीक के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?
537+

Ans
1. SRWJ
2. SWRJ ✔
3. JWRS
4. JRWS

Q.49 मधुमक्खी पालन एक अतिरिक्त आय के साधन के रूप में उपयुक्त है क्योंकि इसमें ________

Ans
1. कम निवेश की आवश्यकता पड़ती है। ✔
2. सिंचाई पर निर्भरता होती है।
3. रासायनिक उर्वरकों का उपयोग किया जाता है।
4. बड़े भूमि क्षेत्र की आवश्यकता पड़ती है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.50 एक वैज्ञानिक एक कृत्रिम बहु-कोशिकीय जीव विकसित कर रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी कोशिकाएं पोषक तत्व प्राप्त करें और अपशिष्ट को प्रभावी ढंग से उत्सर्जित कर सकें, उन्हे क्या शामिल करना चाहिए?

Ans
✔ 1. भोजन, ऑक्सीजन और अपशिष्ट के लिए एक परिवहन प्रणाली
✘ 2. पोषण के लिए केवल विशेष ऊतक
✘ 3. पूरी सतह के माध्यम से सरल प्रसार
✘ 4. पर्यावरण के साथ प्रत्येक कोशिका का सीधा संपर्क

Q.51 9 के प्रथम 18 धनात्मक गुणजों का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 85.5
✘ 2. 18
✘ 3. 9
✘ 4. 81

Q.52 श्री मदन ने अंग्रेजी में 10 में से 9, जीव विज्ञान में 16 में से 15 अंक प्राप्त किए तथा अंग्रेजी और गणित में उनके अंकों के प्रतिशत का अनुपात 15 : 16 है। यदि गणित के कुल अंक 20 हैं, तो गणित और जीव विज्ञान में उनके अंकों की प्रतिशतता का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 3.5%
✘ 2. 5.25%
✘ 3. 4.35%
✔ 4. 2.25%

Q.53 भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम की उत्पत्ति क्रमशः किन भारतीय राज्यों में हुई थी?

Ans
✘ 1. केरल और तमिलनाडु
✘ 2. तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश
✘ 3. कर्नाटक और आंध्र प्रदेश
✔ 4. आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु

Q.54 19वीं शताब्दी में किस सुधारक ने भारतीय और पश्चिमी (पाश्चात्य) धार्मिक विचारों के समन्वय का प्रयास किया?

Ans
✘ 1. सर सैयद अहमद खान
✘ 2. केशव चंद्र सेन
✔ 3. राजा राम मोहन राय
✘ 4. स्वामी विवेकानंद

Q.55 द्विघात समीकरण $2x^2+(k+3)x+2k=0$ का एक मूल, दूसरे का व्युत्क्रम है। मूल ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. $\frac{1}{2}$ और $2$
✘ 2. $-1$ और $1$
✔ 3. $-1$ और $-1$
✘ 4. $1$ और $1$

Q.56 कौन-सा अवलोकन इस कथन का सर्वोत्तम समर्थन करता है कि मनुष्यों में रक्त का दोहरा परिसंचरण होता है?

Ans
✘ 1. हृदय का दाहिना भाग ऑक्सीजनित रक्त पंप करता है।
✔ 2. एक पूर्ण परिसंचरण में रक्त हृदय में दो बार जाता है।
✘ 3. एक पूर्ण चक्र में हृदय में केवल एक बार रक्त जाता है।
✘ 4. हृदय में ऑक्सीजनित और विऑक्सीजनित रक्त का मिश्रण।

Q.57 भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 निम्नलिखित में से किसका निषेध करता है?

Ans
1. बाल विवाहों के अनुष्ठानों का निषेध।
2. मानव तस्करी और जबरन श्रम का निषेध।
3. कारखानों आदि में बच्चों को नियुक्त करने का निषेध।
4. धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध।

Q.58 दो क्रमागत प्राकृत संख्याओं का गुणनफल 12 है। दोनों संख्याओं में से बड़ी संख्या क्या है?

Ans
1. 3
2. 2
3. 4
4. 6

Q.59 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, चाहे वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह निर्णय करना है कि दिए गए कथनों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते है/हैं?

कथन: सभी स्टांप, लोगो हैं। सभी स्टांप, चेक हैं। सभी स्टांप, दस्तावेज़ हैं।

निष्कर्ष (I): सभी लोगो, दस्तावेज़ हैं।
निष्कर्ष (II): कुछ दस्तावेज़, चेक हैं।

Ans
1. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं।
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करते हैं।
3. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है

Q.60 यदि दो अलग-अलग द्रव्यमान की वस्तुओं पर एक नियत बल कार्य करता है, तो गति के दूसरे नियम के अनुसार कौन-सा कथन उनके त्वरण का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

Ans
1. दोनों वस्तुओं का त्वरण समान होगा।
2. कम द्रव्यमान वाली वस्तु का त्वरण अधिक होगा।
3. अधिक द्रव्यमान वाली वस्तु का त्वरण अधिक होगा।
4. त्वरण, द्रव्यमान पर निर्भर नहीं करता।

Q.61 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन अंकों की संख्या पर आधारित है।

(बाएँ) 694 874 742 459 648 (दाएँ)

(उदाहरण - 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 13
2. 14
3. 16
4. 12

Q.62 संख्या 343264 किससे विभाज्य है?

Ans
1. 29
2. 32
3. 43
4. 27

Prepp
Your Personal Exams Guide

| Q.63 | निम्नलिखित में से कौन-सी व्यवस्था, स्थायी स्थितियों में, एक वृत्ताकार धारावाही निकाय के केंद्रीय क्षेत्र में लगभग एकसमान चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करती है? |
|---|---|
| Ans | ✔ 1. एक समान त्रिज्या के अनेक पास-पास सटे हुए फेरों वाली कुंडली में नियत धारा का उपयोग करते हुए |
| | ✗ 2. अलग-अलग त्रिज्याओं के पाश का उपयोग करते हुए |
| | ✗ 3. एक ही पाश में समय के साथ धारा को परिवर्तित होते देने |
| | ✗ 4. यादृच्छिक अभिविन्यास में पाशों को व्यवस्था करके |

| Q.64 | एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 19, 210 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 27, 298 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए 43 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है? (ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग - अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 – 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि जैसी संक्रियाएँ की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर उन पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 478 |
| | ✗ 2. 476 |
| | ✔ 3. 474 |
| | ✗ 4. 475 |

| Q.65 | एक नल किसी टंकी को 27 घंटे में भर सकता है, जबकि दूसरा नल भरी हुई टंकी को 36 घंटे में खाली कर सकता है। यदि टंकी प्रारंभ में खाली हो और दोनों नलों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी के एक-चौथाई भाग को भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 108 |
| | ✔ 2. 27 |
| | ✗ 3. 81 |
| | ✗ 4. 54 |

| Q.66 | निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता पूर्वांचल की पहाड़ियों को शेष हिमालय पर्वत प्रणाली से अलग करती है? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. ये ज़ांस्कर श्रृंखला की सबसे ऊँची चोटियाँ बनाती हैं। |
| | ✗ 2. ये साल भर बर्फ से ढकी रहती हैं। |
| | ✔ 3. वे पूर्वी सीमा के अनुदिश एक उत्तल चाप में फैली हुई हैं। |
| | ✗ 4. इनमें अरावली और सतपुड़ा पहाड़ी समूह शामिल हैं। |

| Q.67 | I, J, K, U, V और W, एक ही इमारत की छः अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 और इसी क्रम में आगे की भी मंजिल को सबसे ऊपरी मंजिल तक क्रमांकित किया गया है। सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। V और J के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। केवल K, W के ऊपर रहता है। U एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। V सबसे निचली मंजिल पर रहता है। I और K के बीच में कितने व्यक्ति रहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. तीन |
| | ✗ 2. चार |
| | ✔ 3. दो |
| | ✗ 4. एक |

| Q.68 | यदि x, y के व्युत्क्रमानुपाती है, और x = 16 होने पर y = 7 है; तो y = 2 होने पर x का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ 1. 53 |
| | ✗ 2. 47 |
| | ✔ 3. 56 |
| | ✗ 4. 55 |

Q.69 एक छात्र हवाई अड्डे के समतल फर्श पर एक सूटकेस खींचता है। यदि आरोपित बल और दूरी दोनों को दोगुना कर दिया जाए तो किए गए कार्य में क्या परिवर्तन होगा?

Ans
✔ 1. किया गया कार्य चार गुना अधिक हो जाएगा।
✗ 2. किया गया कार्य आधा हो जाएगा।
✗ 3. किया गया कार्य दोगुना हो जाएगा।
✗ 4. किया गया कार्य अपरिवर्तित रहेगा।

Q.70 मान लीजिए C एक वृत्त है जिसका केंद्र O है, और R वृत्त C के बाहर एक बिंदु है। मान लीजिए RP और RQ वृत्त C पर दो स्पर्शरेखाएँ हैं, जहाँ P और Q क्रमशः स्पर्श बिंदु हैं। यदि ∠PRQ = 60° है, तो ∠POQ ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 100°
✗ 2. 80°
✔ 3. 120°
✗ 4. 60°

Q.71 एक व्यक्ति ने दो प्रकार के शार्पनर खरीदे; पहले प्रकार के 9 शार्पनर ₹18 में और दूसरे प्रकार के शार्पनर ₹8 प्रति शार्पनर की दर से खरीदे। उसने प्रत्येक प्रकार के शार्पनरों की समान संख्या खरीदी और उन सभी को ₹8 प्रति नग की दर से बेच दिया। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 75%
✗ 2. 85%
✗ 3. 80%
✔ 4. 60%

Q.72 अथर्व बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 12 km गाड़ी चलाता है। इसके पश्चात वह दाईं ओर मुड़कर 3 km गाड़ी चलाता है, फिर पुनः दाईं ओर मुड़कर 16 km गाड़ी चलाता है। तत्पश्चात वह दाईं ओर मुड़कर 9 km गाड़ी चलाता है। अंत में, वह दाईं ओर मुड़कर 4 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए?

Ans
✔ 1. उत्तर की ओर 6 km
✗ 2. दक्षिण की ओर 6 km
✗ 3. उत्तर की ओर 5 km
✗ 4. दक्षिण की ओर 5 km

Q.73 कौन-सी प्रक्रिया जीवित जैविकों के शरीर से अपशिष्ट उप-उत्पादों को हटाने के लिए उत्तरदायी है?

Ans
✗ 1. श्वसन
✗ 2. परिवहन
✔ 3. मलोत्सर्जन
✗ 4. पोषण

Q.74 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(33, 1089, 17)
(21, 441, 11)

Ans
✗ 1. (24, 576, 13)
✗ 2. (18, 324, 11)
✔ 3. (27, 729, 14)
✗ 4. (30, 900, 16)

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.75 आमतौर पर विरंजक चूर्ण का उपयोग ________ किया जाता है?

Ans
✗ 1. साबुन बनाने के लिए
✗ 2. एक मधुरक के रूप में
✓ 3. पानी को कीटाणुरहित करने के लिए
✗ 4. ईंधन के रूप में

Q.76 यदि $\operatorname{cosec}^2\theta + 4\sin^2\theta = 4$ है, जहां $0^\circ \leq \theta \leq 90^\circ$, तो $\theta$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 60°
✗ 2. 30°
✗ 3. 90°
✓ 4. 45°

Q.77 किस पदार्थ का आणविक द्रव्यमान 44 u है?

Ans
✗ 1. कार्बन मोनोऑक्साइड (Carbon monoxide)
✗ 2. मेथेन (Methane)
✗ 3. अमोनिया (Ammonia)
✓ 4. कार्बन डाइऑक्साइड (Carbon dioxide)

Q.78 L, I, S, T, E और N, प्रत्येक की उम्र अलग-अलग है। केवल N उम्र में L से छोटा है। S, T से उम्र में बड़ा, लेकिन E से छोटा है। केवल I, E से उम्र में बड़ा है। उम्र में तीसरा सबसे छोटा कौन है?

Ans
✓ 1. T
✗ 2. I
✗ 3. N
✗ 4. E

Q.79 छः दोस्त O, P, Q, G, H और I, एक ही इमारत की छः अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत की सबसे निचली मंजिल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर की मंजिल का क्रमांक 2 और इसी क्रम में आगे की भी मंजिल को सबसे ऊपरी मंजिल तक क्रमांकित किया गया है। सबसे ऊपरी मंजिल का क्रमांक 6 है। Q एक विषम संख्या वाली मंज़िल पर रहता है। Q और O के बीच में केवल दो दोस्त रहते हैं। O के ठीक ऊपर H रहता है। P के ठीक नीचे G रहता है।
I और P के बीच में कितने दोस्त रहते हैं?

Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. दो
✗ 3. एक भी नहीं
✗ 4. एक


Q.80 मई 2025 में, __________ स्थित DRDO की DMSRDE प्रयोगशाला ने समुद्री जल के उच्च-दबाव विलवणीकरण के लिए एक उन्नत पॉलिमर झिल्ली विकसित की।

Ans
✗ 1. जयपुर
✗ 2. हैदराबाद
✗ 3. पुणे
✓ 4. कानपुर

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.81 नीचे दिए गए वेन आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। अलग-अलग वृत खंडों में दी गई संख्याएँ व्यक्तियों की संख्या दर्शाती हैं। (ध्यान दें: आपको दिए गए आकड़ों को सत्य मानना है, भले ही वह समान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों।)
कितने पर्यटक स्कॉटलैंड से हैं परंतु पुरुष नहीं हैं




संदर्भ: Scotland - स्कॉटलैंड, Travelers - पर्यटक, Men - पुरुष

Ans
1. 19 ✗
2. 11 ✓
3. 15 ✗
4. 10 ✗

Q.82 निम्नलिखित बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अंक | 10 | 28 | 48 | 69 | 87 |
| विद्यार्थियों की संख्या | 15 | 34 | 37 | 44 | 12 |

Ans
1. 49 ✓
2. 71 ✗
3. 34 ✗
4. 78 ✗

Q.83 B, U की माता है। U, N की बहन है। C, Y का पिता है। Y, N का पति है। Y का B से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्री का पुत्र ✗
2. पुत्री का पति ✓
3. पिता ✗
4. पति ✗

Q.84 तीन घंटियाँ क्रमशः 4, 6 और 9 मिनट के अंतराल पर बजती हैं। यदि वे सभी 9:00 a.m. पर एक साथ बजती हैं, तो वे दोबारा किस समय पर एक साथ बजेंगी?

Ans
1. 9:48 a.m. ✗
2. 9:42 a.m. ✗
3. 9:54 a.m. ✗
4. 9:36 a.m. ✓

Q.85 ऑटो और बस के बीच एक व्यक्ति के किराए का अनुपात 2 : 3.5 है तथा किसी विशेष दिन ऑटो और बस द्वारा यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या का अनुपात 4 : 7 है। उस विशेष दिन ऑटो द्वारा एकत्र किया गया कुल किराया, बस द्वारा एकत्र किए गए कुल किराए से कितने भिन्न (fraction) कम है?

Ans
1. $\frac{33}{49}$ ✓
2. $\frac{2}{5}$ ✗
3. $\frac{1}{3}$ ✗
4. $\frac{3}{5}$ ✗

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.86 प्रदूषण नियंत्रण पर 2024 की सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ईंट भट्टों (brick kilns) से उत्सर्जन कम करने के लिए किस उपाय को अनिवार्य कर दिया गया है?

Ans
✗ 1. सौर तापीय शुष्कन प्रणालियों को अपनाना
✓ 2. ज़िग-ज़ैग भट्ठा प्रौद्योगिकी पर स्थानांतरित करना
✗ 3. धुँआ-निकास चिमनियों में स्थिरवैद्युत अवक्षेपकों का उपयोग
✗ 4. जैवभार दहन संयंत्रों का पुनःसंयोजन

Q.87 $\sqrt{\left(42+\sqrt{\left(46+\sqrt{\left(3+\sqrt{\left(34+\sqrt{(4)}\right)}\right)}\right)}\right)}$ का मान क्या है?

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 11
✓ 3. 7
✗ 4. 9

Q.88 2.24 m व्यास और 1 m लंबाई वाले एक रोड रोलर को 880 $m^2$ क्षेत्रफल वाली भूमि को दबाना है। कार्य पूरा करने के लिए यह कितने चक्कर लगाएगा?
($\pi = \frac{22}{7}$ उपयोग कीजिए।)

Ans
✗ 1. 114
✓ 2. 125
✗ 3. 109
✗ 4. 100

Q.89 कौन-सी गणना नाइट्रिक अम्ल ($HNO_3$) के आणविक द्रव्यमान को सही से बताती है?

Ans
✗ 1. 1 + 14 + 3
✗ 2. 2 + 14 + 48
✗ 3. 1 + 14 + 16
✓ 4. 1 + 14 + 48

Q.90 एक दुकानदार ने छह एक जैसे मोबाइल फोन ₹72,000 में खरीदे। इनमें से दो मोबाइल फोन उसने ₹42,000 में बेच दिए। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 78%
✓ 2. 75%
✗ 3. 77%
✗ 4. 76%

Q.91 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है 'A, B की बेटी है'
A – B का अर्थ है 'A, B का भाई है'
A x B का अर्थ है 'A, B की पत्नी है'
A ÷ B का अर्थ है 'A, B का पिता है'

उपर्युक्त आधार पर, यदि 'E x F – G + H ÷ K' हो तो E का K से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पत्नी
✓ 2. भाई की पत्नी
✗ 3. बेटी
✗ 4. भाई की बेटी

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.92 नीचे दिए गए दो कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।

कथन A: मिश्रित फसल प्रतिकूल पर्यावरणीय परिस्थितियों में फसल के पूरी तरह से खराब होने के जोखिम को कम करने में सहायता करती है।
कथन B: मिश्रित फसल में, प्रतिस्पर्धा को न्यूनतम करने के लिए अलग-अलग फसलों को एक निश्चित पंक्ति विन्यास (row arrangement) में उगाया जाता है।

Ans
✗ 1. दोनों, कथन A और B सही हैं।
✗ 2. कथन A गलत है लेकिन B सही है।
✗ 3. दोनों, कथन A और B गलत हैं।
✓ 4. कथन A सही है लेकिन B गलत है।

Q.93 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

3 8 6 11 9 14 ?

Ans
✓ 1. 12
✗ 2. 15
✗ 3. 16
✗ 4. 17

Q.94 कौन-सा कथन एक आयन का सही वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. एक ऐसा अणु जिसमें केवल समान परमाणु हैं
✗ 2. रासायनिक आबन्धन द्वारा बना एक उदासीन परमाणु
✗ 3. सहसंयोजक आबंधों से बना यौगिक
✓ 4. एक आवेशित परमाणु या परमाणुओं का समूह

Q.95 जब किसी वस्तु को उत्तल दर्पण के सामने अनंत पर रखा जाता है, तो बनने वाले प्रतिबिंब की प्रकृति क्या होती है?

Ans
✗ 1. वास्तविक और सीधा
✓ 2. आभासी और सीधा
✗ 3. आभासी और उल्टा
✗ 4. वास्तविक और उल्टा

Q.96 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित प्रकार से संगत हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर समूह युग्म, उस समूह से संबंधित नहीं है?
(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उस अक्षर-समूह युग्म में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. HM - QL
✓ 2. NT - XT
✗ 3. OT - XS
✗ 4. AF - JE

Q.97 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

10 13 19 28 40 ?

Ans
✗ 1. 54
✗ 2. 53
✓ 3. 55
✗ 4. 52

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.98** **यदि दो कारें एक ही बिंदु से एक सीधी सड़क पर चलना प्रारंभ करती हैं, जहाँ कार X, 40 km/h की नियत चाल से और कार Y, 60 km/h की नियत चाल से चलती है, तो 2 घंटे के बाद उनकी गतियों की तुलना के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**

**Ans**

✗ 1. दोनों कारों ने 2 घंटे के बाद समान दूरी तय की होगी।

✗ 2. 2 घंटे के बाद कार Y, कार X से 20 km आगे होगी।

✓ 3. 2 घंटे के बाद कार Y, कार X से 40 km आगे होगी।

✗ 4. 2 घंटे के बाद कार X, कार Y से 40 km आगे होगी।

**Q.99** **यदि एक परमाणु दो इलेक्ट्रॉन खो देता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन होगा?**

**Ans**

✓ 1. परमाणु +2 आवेश वाला धनायन बन जाएगा।

✗ 2. न्यूट्रॉन संख्या 2 घट जाएगी।

✗ 3. परमाणु संख्या 2 घट जाएगी।

✗ 4. परमाणु संख्या 2 बढ़ जाएगी।

**Q.100** **निम्नलिखित में से कौन-से अक्षर-समूह # और % के स्थान पर आने चाहिए, ताकि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच वही पैटर्न और संबंध हो, जो :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच है?**

**# : GJE :: SVQ : %**

**Ans**

✗ 1. # = MKG, % = QKI

✗ 2. # = IPG, % = QTM

✗ 3. # = PLG, % = QJN

✓ 4. # = ILG, % = QTO

"

Prepp
Your Personal Exam Guide